अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

18 Jan., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**
(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद : पहली बैठक (1946 में 17 जनवरी)**



- साल 1946 में 17 जनवरी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की पहली बैठक हुई थी
- सुरक्षा परिषद ने अपनी पहली बैठक 'तैयारी आयोग' (Preparatory Commission) की रिपोर्ट, सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष के चयन और संयुक्त राष्ट्र 14 महासचिव की नियुक्ति पर विचार के साथ शुरू की थी
- **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के बारे में :**
- यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है
- इसकी स्थापना साल 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई थी
- यह परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए काम करता है
- इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है
- इस परिषद में 15 सदस्य होते हैं
- पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं

**2. रमेशबाबू प्रगनानंद भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी बने**



- भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी रमेशबाबू प्रगनानंद ने नीदरलैंड में आयोजित 'टाटा स्टील मास्टर्स' में विश्व शतरंज चैंपियन डिंग लिरेन को हरा दिया है.
- इस जीत के साथ प्रगनानंद विश्वनाथन आनंद के बाद मौजूदा चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय बन गए.
- वह लाइव रेटिंग के मामले में आनंद को पछाड़कर भारत के नए नंबर एक शतरंज खिलाड़ी भी बन गए है.

**3. 'ग्लोबल फायरपावर 2024 की सैन्य ताकत रैंकिंग' में भारत चौथे स्थान पर**




- हाल ही में ग्लोबल फायरपावर ने सैन्य क्षमता के आधार पर दुनिया के देशों की एक रैंकिंग जारी की है.
- दुनिया की सबसे ताकतवर सेनाओं में अमेरिका पहले, रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर है.
- इस रैंकिंग में भारत को चौथा स्थान दिया गया है. इस रैंकिंग में दुनिया के 145 देशों को शामिल किया गया है.
- पड़ोसी देश पाकिस्तना 9वें स्थान पर है.
- इस रैंकिंग में सैन्य क्षमता का आंकलन करने वाले 60 फैक्टर्स को शामिल किया गया है.

**4. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई शिक्षा नीति के तहत भारत की नौ शास्त्रीय भाषाओं में से एक के रूप में फ़ारसी को शामिल करने की घोषणा की**



- हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई शिक्षा नीति के तहत भारत की नौ शास्त्रीय भाषाओं में से एक के रूप में फ़ारसी को शामिल करने की घोषणा की है
- यह पहल भारतीय शैक्षिक ढाँचे के तहत फ़ारसी की समृद्ध विरासत की अधिक समझ और सराहना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है
- गौरतलब है कि भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 6 शास्त्रीय भाषाओं के अलावा पाली, फ़ारसी और प्राकृत भाषाओं की समृद्धि और भावी पीढ़ी के संवर्धन के लिए इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए
- **शास्त्रीय भाषाओं के वर्गीकरण का आधार :**
- फरवरी 2014 में संस्कृति मंत्रालय द्वारा किसी भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' घोषित करने के लिये निम्नलिखित दिशा निर्देश जारी किये गए हैं:
  ✓ इसके प्रारंभिक ग्रंथों का इतिहास 1500-2000 वर्ष से अधिक पुराना हो
  ✓ प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का एक हिस्सा हो, जिसे बोलने वाले लोगों की पीढ़ियोंद्वारा एक मूल्यवान विरासत माना जाता हो
  ✓ साहित्यिक परंपरा में मौलिकता हो
- वर्तमान में छः भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान किया गया है
- बता दें कि तमिल भारत की पहली भाषा थी, जिसे 2004 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था
- जबकि संस्कृत (2005), कन्नड़ (2008), तेलुगू (2008), मलयालम (2013) और ओडिया (2014) अन्य मौजूदा शास्त्रीय भाषाएँ हैं

**5. पैट कमिंस ने जीता दिसंबर महीने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का अवार्ड जीता**




- आईसीसी ने साल 2023 के दिसंबर महीने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड की घोषणा कर दी है.
- सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने जीता है.
- वहीं सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का अवार्ड भारत की दीप्ती शर्मा को मिला.
- आईसीसी हर महीने इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड से सम्मानित करता है.

**6. रंजन गोगोई को 'असम वैभव' पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा**



- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने हाल ही में घोषणा की है कि पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई को 'असम वैभव' पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा.
- 'असम वैभव' राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है.
- सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने साल 2019 में अयोध्या 'राम मंदिर' पर अहम निर्णय दिया था.

**7. महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के पहले ग्रीन अमोनिया प्लांट के लिए आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स के साथ समझौता किया**




- महाराष्ट्र सरकार ने 500,000 एमटीपीए की क्षमता के साथ राज्य के पहले ग्रीन अमोनिया प्लांट के लिए आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स (Inox Air Products) के साथ एक समझौता किया है.
- इस प्रोजेक्ट पर कुल 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किये जायेंगे.

**8. यूक्रेन पर एक 'वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन' का आयोजन स्विट्जरलैंड में किया जायेगा**



- यूक्रेन पर एक 'वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन' का आयोजन स्विट्जरलैंड में किया जायेगा.
- यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के अनुरोध पर स्विट्जरलैंड इस सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार हुआ है.
- गौरतलब है कि रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में अपनी सेना भेजी थी तब से दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है.

**9. जैसलमेर बॉर्डर पर गरजेंगे वायु सेना के 150 एयरक्राफ्ट**



- भारतीय वायु सेना 17 फरवरी को जैसलमेर में 'वायु शक्ति अभ्यास' के दौरान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी।
- इस अभ्यास में कुल 150 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे।
- संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे।
- इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना के चुने गए टारगेट पर फाइटर जेट 500 से लेकर 1000 किलो तक के बम गिराएंगे।
- फाइटर जेट राफेल सुपरसोनिक स्पीड में उड़ान भरते दिखाई देगा और एयर टू एयर मिसाइल से फायर करेगा।

**10. नई दिल्ली में शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का आयोजन किया**




- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का उद्घाटन नई दिल्ली में किया.
- इस दो दिवसीय 12वीं महासभा का उद्घाटन 17 जनवरी को किया गया.

# CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. इसकी स्थापना साल 1950 में हुई थी
2. इसमें पाँच सदस्य अस्थायी और दस सदस्य स्थायी होते हैं
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**2. विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ते हुए भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी कौन बने है?**
(a) रमेशबाबू प्रगनानंद
(b) गुकेश डी
(c) विदित गुजराती
(d) पेंटाला हरिकृष्णा

**3. ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग में दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में भारत की रैंक क्या है?**
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. किसी भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' के रूप में मान्यता देने के लिए 'संस्कृति मंत्रालय' दिशानिर्देश जारी करता है
2. सबसे पहले 'संस्कृत' को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**5. साल 2023 के दिसंबर महीने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का अवार्ड किसने जीता?**
(a) विराट कोहली
(b) सूर्यकुमार यादव
(c) पैट कमिंस
(d) जो रूट

**6. असम राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'असम वैभव' से किसे सम्मानित किया जायेगा?**
(a) अमित शाह
(b) रघुराम राजन
(c) रंजन गोगोई
(d) रतन टाटा

**7. महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के पहले ग्रीन अमोनिया प्लांट के लिए किसके साथ समझौता किया है?**
(a) आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स
(b) टाटा केमिकल्स लिमिटेड
(c) चंबल फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
(d) दीपक फर्टिलाइजर्स

**8. यूक्रेन पर 'वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन' की मेजबानी कौन-सा देश करेगा?**
(a) यूएसए
(b) फ्रांस
(c) स्विट्जरलैंड
(d) जापान

**9. ऑपरेशन वायु शक्ति अभ्यास किसके द्वारा आयोजित किया जा रहा है?**
(a) भारतीय सेना
(b) अमेरिकी सेना
(c) चीनी सेना
(d) इनमे से कोई नही

**10. शांति के लिए एशियाई बौद्ध सम्मेलन की 12वीं महासभा का आयोजन कहां किया जा रहा है?**
(a) काठमांडू
(b) कोलंबो
(c) नई दिल्ली
(d) ढाका

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (a) | (c) | (a) | (c) | (c) | (a) | (c) | (a) | (c) |